## एक नजर में



### बीआईएमआर नर्सिंग महाविद्यालय में वर्कशॉप आयोजित

**ग्वालियर 2 दिसम्बर.** आज बुधवार को महाविद्यालय में बेसिक लाइफ सर्पोट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेदांता मल्टी सुपर स्पेशलिटी गुरूग्राम हरियाणा के ट्रेनिंग इन्सट्रक्टर शेन्की दागर द्वारा विद्यार्थियों को बेसिक लाइफ सर्पोट के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में बीआईएमआर कॉलेज की प्राचार्या रक्षा कुलश्रेष्ठ, डॉ. शिल्पी कपूर , उप प्राचार्य संदीप जॉय एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला।



### पंजाबी परिषद का 16वां परिचय सम्मेलन 28 को

**ग्वालियर 2 दिसम्बर.** पंजाबी परिषद समिति ग्वालियर का सोलवा युवक युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर, रविवार को सहयोग गार्डन रमटापुरा ग्वालियर पर प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। जानकारी देते हुए समिति के संरक्षक कुलवीर भारद्वाज अध्यक्ष अशोक मरवाह प्रमिला मरवाह सचिव जीके सूरी ने बताया कि पंजाबी परिषद समिति के कार्यालय पाटणकर बाजार में अभी तक 225 युवक युवती के बायोडाटा आ चुके हैं जिसमें 7 रिश्ते तय हो चुके हैं। कार्य को सफल बनाने समिति के सदस्य प्रतिदिन 11 बजे से 2 बजे तक कार्यालय में कार्यरत रहते हैं जिनमें उपाध्यक्ष नरेंद्र बेदी कोषाध्यक्ष आत्म प्रकाश मोंगिया, कुलभूषण गंभीर, राजपाल खुराना, आलोक चिचड़ा, परमजीत सिंह सिद्धू, प्रीती अरोरा, रीता मल्होत्रा, सपना वाधवा, संध्या चिचरा, राधा ठकराल, लक्ष्मी जुनेजा, रीना गंडोत्रा,मोनिका अरोड़ा, सुनीता शर्मा, ललित बेरी आदि सदस्यों का सहयोग रहता है।

### भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की राज्य स्तरीय रैली 15 को

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के शहीदों के आश्रितों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भिंड द्वारा 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे राज्य स्तरीय रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा दी गई। जानकारी के अनुसार रैली कम्युनिटी हॉल बायपास से शुरू होगी। इस दौरान पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता की जानकारी के अलावा विशेषज्ञों द्वारा मुफ्त चिकित्सा सुविधा, कैंटीन सुविधा तथा रिकॉर्ड ऑफिस, सीडीए पेंशन प्रयागराज के माध्यम से पेंशन संबंधी जानकारी दी जाएगी तथा समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### चौपाटी पर ठेला लगाने को लेकर बड़ा विवाद

**ग्वालियर 2 दिसम्बर.** फूलबाग चौपाटी पर ठेला लगाने को लेकर बड़ा विवाद हो गया। ग्राहक के कारण दो ठेला चालकों में बहसबाजी हो गई। एक ठेले का सामान सड़क पर फेंक दिया गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह विवाद को शांत कराया।



### खिड़की से रोड पर फेंका कचरा, लगाया 500 रूपए जुर्माना

**ग्वालियर 2 दिसम्बर.** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चैहान एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी राजेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा विभिन्न वार्डों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंदगी पाए जाने एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान वार्ड क्रमांक 42 नई सड़क पर घर के ऊपर खिड़की से मुख्य मार्ग पर कचरा फेंकने पर 500 रुपए का जुर्माना किया गया। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 41 छत्री बाजार स्थित गुरूकृपा होटल के कर्मचारियों द्वारा गंदगी फैलाये जाने पर 1000 रूपए का जुर्माना किया गया एवं एक अन्य दुकान पर अमानक पॉलीथिन रखने पर 1000 रूपए का जुर्माना किया गया। साथ ही वार्ड 52 में गंदगी फैलाने वालों पर 2500 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया तथा वार्ड 55 में गंदगी फैलाने एवं रेड स्पॉट पर 1250 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस प्रकार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कुल 6250 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस कार्रवाई में फ्लाइंग स्कॉर्ट प्रभारी श्री धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, जोनल हेल्थ ऑफिसर श्री विक्रम बांगडे, श्री लोकेन्द्र चंडालिया, श्री रामनरेश बोहरे तथा फ्लाइंग टीम सदस्य प्रदीप राज चैहान, संतोष शेरवा, अमन जादौन शामिल रहे। नगर निगम ग्वालियर आम नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील करता है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, अन्यथा नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### 'हरा गीला सूखा नीला' अभियान को लेकर नागरिकों को किया जागरूक

**ग्वालियर 2 दिसम्बर.** नगर निगम की सहयोगी संस्था डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट एवं म्यूस फाउंडेशन द्वारा आइईसी के नोडल अधिकारी श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में 'हरा गीला सूखा नीला' अभियान के तहत आई.ई.सी. गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें नागरिकों को कचरा पृथक्करण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। आई.ई.सी. टीम द्वारा की गई मुख्य गतिविधियाँ जैसे घर-घर जाकर हरा डस्टबिन = गीला कचरा, नीला डस्टबिन = सूखा कचरा रखने का संदेश दिया गया। लोगों को बताया गया कि सही पृथक्करण से शहर की स्वच्छता ब्यवथा बेहतर होती हैं। दुकानदारों, रहवासियों और ठेला विक्रेताओं को भी सही कचरा निपटान की जानकारी दी गई। बच्चों और महिलाओं को अलग-अलग डस्टबिन के उपयोग का महत्व सरल भाषा में समझाया गया। आई.ई.सी. टीम ने अभियान के दौरान नागरिकों से 'कचरा अलग करो दृ शहर साफ करो' की अपील की। 'हरा गीला सूखा नीला' अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि हम हर घर में मॉडल सेग्रिगेशन (हरा-नीला) को आदत बनाना, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को और प्रभावी बनाना एवं नागरिकों को स्वच्छता में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना।

# इसी महीने शुरू हो जाएगा मेला, दुकानें व शोरूम बनाने का काम शुरू

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 दिसम्बर.** सवासौ साल पुराने ग्वालियर व्यापार मेला लगने की तारीख नजदीक आ गई है। मेले की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। एक ओर जहां मेला प्रांगण की दुकानों की साफ-सफाई व रंगाई-पुताई का काम चल रहा है तो दूसरी ओर दुकानें लगाने के लिये फर्नीचर की संरचनायें तैयार होने लगी हैं। मेले के झूला सेक्टर, इलेक्ट्रोनिक सेक्टर व सामान्य सेक्टर में बहुत से दुकानदारों ने संरचनायें बनाने का काम शुरू कर दिया है। इस साल ग्वालियर मेला 25 दिसम्बर से 25 फरवरी तक आयोजित होगा।

ग्वालियर मेले ने अपने 120 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह मेला ग्वालियर सहित सम्पूर्ण मध्यभारत यहाँ तक देश की व्यापारिक धड़कन है। साथ ही स्थानीय उत्पादों के संवर्धन की एक जीवंत परंपरा भी है। मेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। वर्ष 1905 में ग्वालियर रियासत के तत्कालीन शासक महाराज माधौराव सिंधिया (प्रथम) ने इस मेले की नींव मेला मवेशियान के रूप में रखी थी। पशुधन की नस्ल सुधारने, किसानों और पशुपालकों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने तथा ग्वालियर अंचल के उत्पादों को देश के अन्य भागों तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह मेला शुरू किया गया था। उस समय यह ग्वालियर मेला सागरताल के 50 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में आयोजित होता था, जहाँ पानी की सुविधा और ग्रामीण संपर्क इसकी बड़ी ताकत थी। बढ़ती लोकप्रियता के साथ यह मेला व्यापारिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन गया। वर्ष 1918 में इसे वर्तमान रेसकोर्स रोड स्थित 104 एकड़ भूमि पर स्थायी रूप से स्थापित किया गया और इसे नया नाम मिला 'व्यापार मेला एवं कृषि प्रदर्शनी '। आरंभ में मेला अवधि 20 दिसंबर से 14 जनवरी तक तय की गई। एक ऐसा समय जब ग्वालियर की सर्द हवा व्यापारिक उत्साह से सराबोर हो उठती है।



ग्वालियर मेला को 23 अगस्त 1984 को राज्य स्तरीय ट्रेड फेयर का दर्जा प्राप्त हुआ। इसके बाद इसकी पहचान और प्रभाव दोनों कई गुना बढ़ गए। वर्ष 1967-68 में मेले की हीरक जयंती मनाई गई। इसी तरह वर्ष 1982-83 में प्लेटिनम जयंती एवं वर्ष 2004-05 मेले ने अपनी शताब्दी वर्षगांठ मनाई। शासन द्वारा वर्ष 2002 में मेले का नाम श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला घोषित किया गया। इसके बाद 30 दिसम्बर 1996 को लागू ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण अधिनियम के तहत इसका प्रबंधन स्वतंत्र प्राधिकरण को सौंपा गया, जिससे मेले के संचालन और विकास को संस्थागत स्वरूप मिला। आज ग्वालियर मेला केवल परंपरा का प्रतीक नहीं, बल्कि नवाचार, आत्मनिर्भरता और डिजिटल युग की पहचान भी है। ऑनलाइन आवंटन प्रणाली, थीम आधारित पवेलियन और प्रदेशभर के उद्योगों की सहभागिता इसे आधुनिकता से जोड़ते हैं। साथ ही लोककला, हस्तशिल्प, झूले और सांस्कृतिक कार्यक्रम इसकी जीवंतता को बनाए रखते हैं। ग्वालियर मेला ने एक सदी से अधिक की यात्रा में न केवल व्यापार का विस्तार किया है, बल्कि इसने ग्वालियर की पहचान, संस्कृति और आत्मा को जीवित रखा है।

# दालबाजार में तीन पिसाई केंद्रों पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 दिसम्बर.** दाल बाजार में स्थित तीन मसाला पिसाई केंद्रों की संभागीय उड़नदस्ते ने जांच की। जांच के दौरान मिलावट पाए जाने पर टीम ने लगभग 1 लाख 75 हजार रूपये के मसाले जब्त कर उन्हें जांच के लिए भेज दिया है। टीम को एक

**1 लाख 75 हजार का माल जब्त, मसालों के लिए नमूने**

पिसाई केंद्र पर खाद्य पदार्थों में मिलावट पाई गई, जबकि दूसरी पिसाई केंद्र पर टीम को मसालों में भी कैमिकल का उपयोग पाया गया।

संभागीय उडनदस्ते ने मनीष गोयल के बालाजी पिसाई केंद्र मंडी कमेटी वाली गली दालबाजार में टीम ने जांच की। जांच में हल्दी धनिया पाउडर के नमूने लिए गए। इसके बाद टीम ने दयाराम साहू, के जय बालाजी पिसाई केंद्र जगदीष मंदिर वाली गली दाल बाजार में जांच की। यहां पर टीम को हल्दी में चावल का चूरा मिलाया जाता मिल। टीम ने यहां से मिर्ची पाउडरख् हल्दी पाउडर के नमूने लिए। मौके से टीम ने 125 किलो हल्दी एवं 125 किलो मिर्ची पाउडर जब्त किए। जब्त माल की अनुमानित लागत 50 हजार रूपये बताई गई है।

इसी प्रकार टीम ने संतोष गुप्ता ओककार पिसाई केंद्र माणिक साहिब का बाडा दालबाजार के यहां जांच की । जांच के दौरान टीम को वहां पर हरा, लाल, पीला, रंग मिला। मौके से हल्दी, धनिया और मिर्ची पाउडर के नमूने लिए गए। साथ ही रंगों के भी नमूने लिए गए। टीम ने वहां से 500 किलो मिर्ची 60 किलो धनिया, 200 किलो बेसन, 70 किलो हल्दी जब्त की। जब्त माल की कीमत लगभग 1 लाख 25 हजार रूपये बताई गई है। जांच करने वाली टीम में अवनीष गुप्ता दल प्रभारी, गिरीश राजौरिया, सतीष शर्मा, बजेश शिरोमणी खाद सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।



# घरेलू गैस सिलेण्डर से रिफिलिंग करने पर प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 दिसम्बर.** घरेलु गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग रोकने के लिए कलेक्टर रूचिका चौहान ने निर्देश दिए हैं। इन निर्देश के पालन में जिला अपूर्ति नियंत्रक द्वारा सूचना मिलने पर चंद्रवदनी नाका ओफो की बगिया में एक टेंट हाउस संचालक के यहां जाँच की गई। जाँच के दौरान उन्हें पांच

**5 सिलेण्डर किए जब्त**

घरेलू सिलेण्डरों से रिफलर के माध्यम से गैस को खाली सिलेंडर में भरा जा रहा था। टीम ने पांच घरेलू सिलेण्डर एक रिफलर जब्त कर टेंट हाउस संचालक के खिलाफ वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जिला प्रशासन की टीम को सूचना मिली थी कि नाका चंद्रवदनी स्थित ओफो की बगिया में वंश टेंट हाउस के संचालक द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डरों से गैस की रिफिलिंग कर खाली सिलेण्डरों में भरी जा रही है। इन सिलेण्डरों को वह मंहगे दामों में बेचते हैं। सूचना मिलने पर प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक अरविंद भदौरिया, सहायक आपूर्ति अधिकारी सौरभ जैन और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सारिका कुशवाह एवं कुलदीप राजावत ने मौके पर पहुंचकर जाँच की गई । यहाँ उन्हें पांच घरेलू सिलेण्डरों से गैस को रिफलर की सहायता से खाली सिलेण्डरों में भरा जा रहा था। टीम ने वंश टेंट हाउस के संचालक पर प्रकरण कायम कर लिया है। जब्त सिलेण्डरों को पीतांबरा गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दिया गया है। प्रकरण दर्ज कर आगामी कार्रवाई के लिए कलेक्टर रूचिका चौहान के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।



# लोकतंत्र सेनानी संघ ने एस.आई.आर. का किया समर्थन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 2 दिसंबर।** आपातकाल बंदियों के संगठन लोकतंत्र सेनानी संघ ने आज जारी अपने कड़े बयान में कहा है कि एस.आई.आर. जैसी जवाबदेही-आधारित प्रणाली से वही असहज होते हैं, जो पारदर्शिता से परहेज़ करते हैं।

संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सुधार व्यवस्था किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए अनिवार्य है और इससे पीछे हटने की मानसिकता लोकतांत्रिक मूल्यों की कमजोरी का संकेत है. संघ की ओर से राष्ट्रीय सचिव मदन बाथम ने कहा कि एस.आई.आर. व्यवस्था शासन-प्रशासन को 'कागज़ी जवाबदेही' से निकालकर सक्रिय, निरीक्षण-योग्य और जिम्मेदार ढांचे में ले आती है। ऐसी प्रणाली से निर्णयों की गड़बड़ियाँ छिपाई नहीं जा सकतीं, समीक्षा से बचने के रास्ते बंद हो जाते हैं और जनता के प्रति सीधे उत्तरदायित्व की मांग

**सुधार और समीक्षा का विरोध करने का अर्थ है जवाबदेही से भागना**

अनिवार्य हो जाती है। संघ के अनुसार, 'लोकतंत्र की रक्षा केवल नारों से नहीं, बल्कि पारदर्शी संस्थागत ढांचे से होती है, और एस.आई.आर. उसी दिशा में मजबूत कदम है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी सहित राजेन्द्र गहलोत, संतोष शर्मा, मदन बाथम, देवराज बोहरा, तपन भौमिक, राधू मिश्रा, राजन ढींगरा, सुरेन्द्र द्विवेदी, मोहन विटवेकर, वीरेन्द्र वाष्णेय, पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा आदि ने कहा है कि आपातकाल के अनुभव से सीखा है कि अंधेरा वहीं पनपता है; जहाँ समीक्षा की रोशनी बंद कर दी जाती है.लोकतंत्र सेनानी संघ ने चेताया कि भारत के इतिहास ने दिखाया है कि जब संस्थाओं की निगरानी, समीक्षा और स्वतंत्रता को कमजोर किया जाता है, तब लोकतंत्र सबसे बड़ी कीमत चुकाता है। संघ के बयान में कहा गया -'हमने आपातकाल के दौर में देखा कि जवाबदेही खत्म होते ही अधिकारों का दम घुटने लगता है। इसलिए एस.आई.आर. जैसे सुधार किसी भी सशक्त लोकतंत्र के लिए सुरक्षा कवच हैं।

लोकतंत्र सेनानी संघ ने तीखे शब्दों में कहा कि सुधार और समीक्षा का विरोध करने का अर्थ है जवाबदेही से भागना। संघ ने कहा-'जो लोग पारदर्शिता से डरते हैं, वे ही समीक्षा से बचने की कोशिश करते हैं। ' 'जनता से जुड़ी प्रणालियों को बंद कमरों में चलाने की सोच अब स्वीकार्य नहीं।'

**जवाबदेही से भागने वालों को लोकतंत्र मंजूर नहीं**

लोकतंत्र सेनानी संघ ने अंत में कहा कि 'एस.आई.आर. पारदर्शिता, समीक्षा और जवाबदेही का मजबूत प्रतीक है। इसे मजबूत करना राष्ट्रहित में है। लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रहरी होने के नाते हम स्पष्ट कहते हैं—समीक्षा से डरने वाली मानसिकता ही लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है।' संघ ने पुन: दोहराया कि वह ऐसे हर सुधार का दृढ़ता से समर्थन करेगा, जो जनता के अधिकारों, संस्थागत मजबूती और प्रशासनिक जवाबदेही को उच्चतम स्तर पर स्थापित करता है।

# गोल पहाड़िया बिजलीघर की सड़क के लिए होगा आंदोलन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 2 दिसंबर।** गोलपहाड़िया बिजलीघर रोड के आसपास रहने वाले लोगो का जीवन नरक बना हुआ है, छोटे बड़े दुकानदारों का व्यवसाय ठप पड़ा हुआ है। किसान और राहगीरों का इस रोड से निकलना कठिन हो गया है। पिछले दो वर्षों से ये ऊबड़ खाबड़ सड़क हादसों की वजह बन गई है। सोमवार को को शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र यादव यहां के मतदाताओं से मिलने पहुंचे। उनके साथ ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बाबू, आजाद खान, दिलीप पटेल, शिवा कुशवाह, सुलेमान शेख, रहीस खान, योगेश पक्षवार, इकराम भाई, जावेद खान, हरेंद्र कुमार, सोनू को यहां की जनता ने रोड के बारे मे बताया।

सुरेंद्र यादव ने कहा कि अब इस रोड के लिए आंदोलन होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। कांग्रेस पार्टी सदैव आमजन के साथ खड़ी है। उसकी परेशानी का समाधान नहीं होगा तो कांग्रेस सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी।

# कैट के स्वदेशी मेला की तैयारी बैठक 4 को, भूपेन्द्र जैन बने आयोजिन बोर्ड के सदस्य

**ग्वालियर 2 दिसम्बर.** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वदेशी जागरण मंच तथा प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों के साथ मिलकर 2026 में सबसे बडा व्यापारिक एवं औद्योगिक स्वदेशी मेला 2026 आयोजित करने का निर्णय लिया है। ग्वालियर से भूपेन्द्र जैन को स्वदेशी मेला आयोजन बोर्ड का सदस्य बनाया गया है। स्वदेशी मेला लगाने का सुझाव केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने 25 नबम्बर को दिल्ली में आयोजित बैठक में दिया कि भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्टअप, ईको सिस्टम, लघु उद्योगों, कारीगरों, एमएसएमई और मेक इन इण्डिया उत्पादों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिये कैट आईटीक्यू के साथ मिलकर स्वदेशी मेला आयोजित करे।

इसके लिये राष्ट्रीय संचालक बोर्ड का गठन किया गया। जिसकी पहली बैठक 4 दिसम्बर को नयी दिल्ली में होगी। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय संचालक बोर्ड के सदस्य भूपेन्द्र जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश से अनेक स्टॉल मेले में लगाये जायेंगे और शीघ्र ही राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटियां स्टॉल लगाने के लिये अभियान चलायेंगी।

उद्योग, व्यापार, स्टार्टअप, महिला उद्यमी, कारीगर, फूड प्रोसेसिंग, आयुर्वेद, हैण्डलूम, हैंडीक्राफट, टेक्नोलोजी, ई-कॉमर्स आदि क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादों को प्रात्साहित किया जायेगा और शीघ्र ही स्टॉल लगाने की पूरी रूप रेखा 4 दिसम्बर को फायनल की जोयगी। बैठक में ग्वालियर से प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता, संभागीय मीडिया प्रभारी डॉ.सौरभ खण्डेलवाल, विकास गुप्ता के साथ साथ स्वर्णिम भारत फाउण्डेशन के सीईओ साकेत सिंह राठौर भी प्रमुख रूप से भाग लेंगे।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार योगेन्द्र सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 50 का भाग स्थित ग्राम जडेरूआ कलां जिला ग्वालियर में है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 21 है जो कि सर्वे क्र. 376 का भाग 900 वर्गफुट है । जो मेरे पक्षकार ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकार के विक्रेता रनवीर सिंह पुत्र श्री बाबूसिंह कुशवाह की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. एम. पी. 142592020ए1509586 दिनांक 25.08.2020 में केदारसिंह पुत्र श्री छीतारिया पाल के द्वारा सम्पादित किया । जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है। मेरे पक्षकार के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :- पूर्व में -रोड, पश्चिम में-दीगर प्लॉट उत्तर में-प्लॉट क्र. 49 सीमा राजावत, दक्षिण में-प्लॉट क्र. 50 का भाग यादव जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है। लेकिन मेरे पक्षकार के विक्रेता रनवीर सिंह पुत्र श्री बाबूसिंह कुशवाह की क्रयशुदा सम्पत्ति में विक्रेता केदारसिंह पुत्र श्री छीतारिया पाल के द्वारा अचल संपत्ति प्लॉट को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश या परिवार के किसी भी सदस्य कलावती पुत्री श्री छीतारिया पाल एंव कालीचरन पुत्र श्री छीतारिया पाल को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरा पक्षकार अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 50 का भाग कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आदित्य बिरला हाउसिंग फायनेंश लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रहा है। जो सुचित हो ।

**दिनांक-02.12.2025**
**स्थान-ग्वालियर**

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

## CHANGE OF NAME

I, **Sweety Kumari** wife of **No 15192231P** Rank **L/Hav** Name **Pawan Kumar** presently residing at Vill-Goind, Post-Usari, Teh-Kaler Distt-Arwal (Bihar)-804428 do hereby solemnly affirm and state on nath as follows: That. I have changed my name from **Sweeti Kumari** to **Sweety Kumari** do to wrongly entered in my husband's service documents. **Sweeti Kumari & Sweety Kumari** Pertain to one and the same person. That, I shall at all times hereafter in all records, deeds and writing and in all proceedings dealing with mansactions, private as well as under all occasions what so ever be known as only **Sweety Kumari.** Vide Affidavit No BX 136854

## बीआईएमआर हॉस्पिटल्स

सूर्य मंदिर रोड, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)-474004
0751-7102702

**सूचना**

**सर्व सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि बीआईएमआर हॉस्पिटल्स, ग्वालियर नियम अनुसार 01/01/2020 से 31/12/2020 तक 1 वर्ष का भर्ती मरीजों का मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने जा रहा है। यदि किसी को भी मेडिकल रिकॉर्ड की आवश्यकता है तो ऐसी स्थिति में इस विज्ञापन के प्रकाशन के एक माह के अंदर बीआईएमआर हॉस्पिटल्स, ग्वालियर के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग में सम्पर्क करें, अन्यथा बीआईएमआर हॉस्पिटल्स किसी भी रिकॉर्ड को रखने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।**

दिनांक - 01-12-2025
डॉ. एस. एल. देसाई
मेडीकल डायरेक्टर


जैन मार्बल एंड कोटा स्टोन

हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स एवं कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है



डॉ. विनोद जैन
9425360508

पता - ऋतुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिंड रोड, लीला हॉस्पिटल के पास, ग्वालियर
पारस जैन - 74892 60095

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXOLOGIST
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
गुप्त रोग विशेषज्ञ
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460